जिला अधिवक्ता संघ चुनाव में 45 प्रत्याशी मैदान में

अध्यक्ष के 8 दावेदारों में से किसी ने नहीं निकाला अपना पर्चा

नवभारत न्यूज

सतना, 22 जून. जिला अधिवक्ता संघ सतना के आगामी द्विवार्षिक निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी और गरिमापूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन समिति द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जारी सूची में नाम वापसी का समय समाप्त होने के बाद 45 प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे हुए हैं.

इसी कड़ी में आज मुख्य निर्वाचन अधिकारी रमेश मिश्रा शासकीय अभिभाषक/लोक

अभियोजक (जीपी) सतना ने जानकारी देते हुए बताया कि संवीक्षा और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विभिन्न पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों की स्थिति अब पूरी तरह स्पष्ट हो चुकी है। विभिन्न पदों के लिए चुनावी मैदान में उतरे प्रत्याशियों की अंतिम सूची में **अध्यक्ष पद हेतु** अमृत लाल शुक्ला ,ददन सिंह परिहार , प्रदीप कुमार पाण्डेय , पुष्पराज सिंह , राज बहादुर सिंह , रमेश कुमार पाठक , रत्नेश श्रीवास्तव एवं सुनील शर्मा । **उपाध्यक्ष पद हेतु** अरुण सिंह परिहार ,धर्मेंद्र कुमार मिश्रा , दिलीप कुमार आर्य ,कृष्ण कुमार पयासी , ओमशंकर तिवारी एवं शरद मिश्रा **सचिव पद हेतु** दिनेश प्रसाद शुक्ला, शैलेश पाण्डेय, सुनील पाण्डेय एवं विपिन कुमार वर्मा ।**सह सचिव पद हेतु** अनिल कुमार शुक्ला, मनोज कुमार त्रिपाठी , मयंक देव सिंह परिहार , सन्तोष कुमार पयासी ,सुशील कुमार त्रिपाठी एवं यश वर्धन द्विवेदी ।**कोषाध्यक्ष (महिला आरक्षित) पद हेतु** अन्नपूर्णा तिवारी , नीता यादव ,शिखा सिंह एवं वर्षा मिश्रा । **ग्रंथपाल पद हेतु** आशीष कुमार विश्वकर्मा एवं आशीष शर्मा । **कार्यकारिणी सदस्य पद - 3 पद हेतु (अनारक्षित पद)** आकाश कुशवाहा , अमन द्विवेदी ,आशीष कुमार मिश्रा , बलराम चौधरी, गोविन्द गैलवानी ऋषि नारायण त्रिपाठी एवं उदयकान्त पाण्डेय। **कार्यकारिणी सदस्य पद - 2 पद हेतु** (महिला आरक्षित पद)= अनुश्री त्रिपाठी , अर्चना विश्वकर्मा कल्पना चौधरी , कीर्ति पाण्डेय , रानी जायसवाल रश्मि कुशवाहा, रीता त्रिपाठी एवं सुनीता मिश्रा।

जिले में साढ़े 27 मिट्रिक टन खाद की कमी

सतना, मैहर में अब तक 13,675 टन का हुआ वितरण

नवभारत न्यूज

सतना, 22 जून. खरीफ सीजन के दौरान किसानों की बढ़ती जरूरतों को देखते हुए सतना और मैहर जिले में इस वर्ष कुल 60,642 टन उर्वरक की आवश्यकता आंकी गई है। हालांकि अब तक विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से 33,007 टन खाद की ही उपलब्धता सुनिश्चित हो सकी है, जिससे मांग और उपलब्धता के बीच 27,638 टन का अंतर बना हुआ है।

कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, मार्कफेड, सहकारी समितियों, एमपी एग्रो और निजी विक्रेताओं के माध्यम से अब तक जिले में 33,007 टन खाद पहुंच चुकी है। इनमें से लगभग 13,675 टन खाद किसानों को वितरित की जा चुकी है, जबकि वितरण के बाद भी करीब 19,332 टन खाद का स्टॉक उपलब्ध है। पिछले वर्ष खरीफ सीजन में जिले में कुल 57,856 टन उर्वरकों की पूर्ति की गई थी। इसमें 7,534 टन डीएपी एवं टीएसपी, 6,056 टन एसएसपी, 31,977 टन यूरिया तथा 75 टन एमओपी शामिल था।

मांग के मुताबिक आवंटन की कोशिश जारी

जिला विपणन अधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जिले में किसानों की मांग के अनुरूप उर्वरकों की आपूर्ति लगातार की जा रही है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता के अनुसार धीरे धीरे खाद की खेप जिले में पहुंच रही है ।

बिजली के खंभों पर अवैध इंटरनेट तारों का मकड़जाल

शॉर्ट-सर्किट की घटनाओं से मंडराया बड़ा खतरा

नवभारत न्यूज

सतना, 22 जून. जिले में निजी इंटरनेट प्रदाता कंपनियों की मनमानी और लापरवाही आम जनता के साथ-साथ बिजली विभाग के लिए भी बड़ा सिरदर्द बन चुकी है। शहर से लेकर कस्बों तक, बिजली के खंभों पर अवैध रूप से दौड़ाए जा रहे इंटरनेट और केबल टीवी के तारों के कारण आए दिन शॉर्ट-सर्किट और आगजनी की घटनाएं सामने आ रही हैं।

स्थिति यह है कि बिजली के पोल अब बिजली की कम और इंटरनेट के तारों के जाल ज्यादा नजर आते हैं। घनी आबादी वाले इलाकों में इन लटकते तारों की वजह से कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि इंटरनेट कंपनियां रात के अंधेरे में या बिना किसी अनुमति के बिजली के खंभों पर अपने फाइबर ऑप्टिक केबल बांध देती हैं.कई जगहों पर ये तार बिजली के मुख्य हाई-टेंशन और लो-टेंशन तारों से सीधे रगड़ खाते हैं.तेज हवा चलने या गर्मी बढ़ने पर इनमें घर्षण होता है, जिससे जोरदार स्पार्किंग होती है और खंभों पर प्लास्टिक के तारों के गुच्छे धू-धू कर जलने लगते हैं.हाल ही में मुख्य बाजार के एक बिजली पोल

में इंटरनेट के तारों के कारण भीषण आग लग गई थी, जिससे पूरे इलाके की आपूर्ति कई घंटों तक ठप रही.गनीमत रही कि आग पास की दुकानों तक नहीं फैली, वरना बड़ी जनहानि हो सकती थी।

इस अवैध कारोबार से बिजली विभाग को दोहरा नुकसान झेलना पड़ रहा है। एक तरफ इंटरनेट कंपनियां सरकारी बुनियादी ढांचे का मुफ्त में इस्तेमाल कर राजस्व की चपत लगा रही हैं, तो दूसरी तरफ इनके कारण होने वाले शॉर्ट-सर्किट से विभाग के इंसुलेटर, जंपर्स और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं। इनकी मरम्मत में विभाग को हर महीने लाखों रुपये का अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। स्थानीय उपभोक्ताओं का आरोप है कि हल्की आंधी या बारिश होते ही इन तारों में चिंगारियां निकलने लगती हैं, जिससे घरों के उपकरण फुंकने का डर बना रहता है।

मंडल की मूक सहमति

नियमानुसार, बिजली के खंभों पर किसी भी अन्य प्रकार के तार खींचने से पहले विद्युत विभाग से लिखित अनुमति और निर्धारित शुल्क देना अनिवार्य है .इसके बावजूद जिले में धड़ल्ले से चल रहे इस खेल पर बिजली विभाग और स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सख्त नजर नहीं आ रहा है .कभी-कभार विभाग द्वारा तार काटने की दिखावे की कार्रवाई की जाती है, लेकिन कंपनियां कुछ ही दिनों बाद दोबारा वहीं तार जोड़कर सक्रिय हो जाती हैं।

नौकरी से निकाला तो हाईटेंशन बिजली पोल पर चढ़ा ऑपरेटर

एक घंटे तक मचा रहा हड़कंप,अधिकारियों के हाथ-पांव फूले

नवभारत न्यूज

सतना, 22 जून. जिले के नागौद क्षेत्र स्थित हरदुआ विद्युत उपकेंद्र में सोमवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई.

जब एक आउटसोर्स ऑपरेटर नौकरी से निकाले जाने के विरोध में चालू विद्युत लाइन के पोल पर चढ़ गया.पीड़ित कर्मचारी ने पोल के ऊपर से ही आत्मघाती कदम उठाने की चेतावनी देना शुरू कर दिया, जिससे मौके पर मौजूद लोगों और विभागीय कर्मचारियों में हड़कंप मच गया.लगभग एक घंटे तक चले इस हाई-वोल्टेज ड्रामे के कारण

सबस्टेशन परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। पोल पर चढ़े आउटसोर्स ऑपरेटर अजय वर्मा का आरोप है कि कुछ दिनों पहले विभाग द्वारा कर्मचारियों के मानदेय में कटौती की गई थी,जिसका सभी कर्मचारियों ने मिलकर शांतिपूर्ण विरोध किया था। अजय का कहना है कि कार्यपालन अभियंता पल्लव स्वर्णकार द्वारा इसी विरोध का बदला लिया जा रहा है। इसी दुर्भावना के तहत कई कर्मचारियों को सेवा से पृथक कर दिया गया है, जबकि कुछ अन्य कर्मचारियों को दूरस्थ स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है.इसी एकतरफा कार्रवाई और बेरोजगारी के संकट से नाराज होकर उसने सबस्टेशन की चालू लाइन पर चढ़कर जान देने की धमकी दी।

पुलिस की लेनी पड़ी मदद

घटना की सूचना मिलते ही बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए .आनन-फानन में लाइन की विद्युत आपूर्ति बंद कराई गई और नागौद पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँची। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने कड़ी मशक्कत और काफी समझाइश के बाद ऑपरेटर को न्याय का आश्वासन दिया, जिसके बाद उसे सुरक्षित नीचे उतारा जा सका ।स्थानीय पुलिस और विभागीय अधिकारी अब इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच में जुट गए हैं।

मेंटीनेंस के लिए साउथ फीडर की 4 घंटे बिजली बंद रहेगी

नवभारत न्यूज

सतना, 22 जून. शहर में प्री-मानसून तैयारियों के तहत कल मंगलवार, 23 जून को विद्युत विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर मेंटेनेंस का कार्य किया जाएगा। इसके चलते शहर के एक बड़े हिस्से में सुबह 4 घंटे बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप रहेगी।

विद्युत कंपनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार को प्रेमनगर और प्रेमनगर साउथ फीडर के अंतर्गत लाइनों के रखरखाव और पेड़ों की छंटाई का काम प्रस्तावित है। इस वजह से सुबह 6:00 बजे से लेकर सुबह 10:00 बजे तक जवाहर नगर, राजेंद्र नगर, खूथी, प्रेमनगर, धवारी एवं इनसे जुड़े आसपास के क्षेत्रों में बिजली गुल रहेगी।

मंडी शुल्क वृद्धि के विरोध में आज मंडी बंद

व्यापारियों का प्रदर्शन, नीलामी बंद रहेगी

नवभारत न्यूज

सतना, 22 जून. कृषि उपज मंडी शुल्क में की गई वृद्धि के विरोध में मंगलवार, 23 जून 2026 को सतना कृषि उपज मंडी में गल्ला एवं तिलहन व्यापारी संघ द्वारा प्रदर्शन किया जाएगा।

मध्यप्रदेश सकल अनाज दलहन तिलहन व्यापारी महासंघ के आह्वान पर आयोजित इस विरोध कार्यक्रम के तहत व्यापारी मंडी की

नीलामी प्रक्रिया में हिस्सा नहीं लेंगे, जिससे दिनभर कृषि उपजों की नीलामी प्रभावित रहेगी। व्यापारी संघ के अनुसार राज्य सरकार द्वारा कृषि उपजों पर मंडी शुल्क 1 प्रतिशत से बढ़ाकर 1.5 प्रतिशत कर दिया गया है। इसके साथ लागू अन्य प्रभारों को मिलाकर व्यापारियों पर कुल शुल्क का बोझ पहले की तुलना में बढ़ गया है। पहले कुल देय राशि 1.20 रुपये प्रति सौ रुपये थी, जो अब बढ़कर 1.70 रुपये हो गई है। इससे उन्हें प्रति सौ रुपये पर 70 पैसे अतिरिक्त भुगतान करना पड़ेगा।

ट्रेन में मोबाइल व नकदी छीनने वाले गिरोह का 24 घंटे में पर्दाफाश, तीन गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सतना, 22 जून. जीआरपी सतना पुलिस ने चलती ट्रेन में यात्रियों से लूटपाट करने वाले एक शातिर गिरोह का महज 24 घंटे के भीतर पर्दाफाश किया है। पुलिस ने मामले में दो शातिर आरोपियों और एक अपचारी बालक को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटा गया शत-प्रतिशत माल बरामद कर लिया है।

20 जून 2026 की शाम जौनपुर (उत्तर प्रदेश) निवासी चंदन मिश्रा वाराणसी-एलटीटी एक्सप्रेस के जनरल कोच में यात्रा कर रहे थे, तभी सतना आउटर के पास तीन अज्ञात लड़कों ने उनसे मोबाइल और नकदी छीन ली। इस अंधे लूट के मामले को सुलझाने के लिए जीआरपी पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तकनीकी साक्ष्यों को सक्रिय किया और फरियादी को थाने के रिकॉर्ड में दर्ज पूर्व अपराधियों के फोटोग्राफ्स दिखाए। फरियादी द्वारा फोटो देखकर अपराधियों की सटीक पहचान करते ही, पुलिस ने विश्वसनीय मुखबिरों की सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर दबिश दी। मौके से पुलिस ने दो शातिर मुख्य आरोपियों सूरज साकेत उर्फ गोलू (28 वर्ष) और कृष्ण पाल साकेत उर्फ छोटा गोलू (24 वर्ष) सहित एक अपचारी बालक को हिरासत में ले लिया। पकड़े गए आरोपी आदतन अपराधी हैं, जिनके खिलाफ पहले से भी कई मामले दर्ज हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से छीना गया %रियलमी 10 प्रो 5जी% मोबाइल और ?200 नकद शत-प्रतिशत बरामद कर लिया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। इस त्वरित कार्रवाई और सफलता में जीआरपी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक राजेश राज, प्रधान आरक्षक शंकर सहाय त्रिपाठी, अनुज चतुर्वेदी, आरक्षक प्रशांत, गौरव, सज्जन, कंपनी कुमार, बिट्टू, रोहित और महिला आरक्षक शीलू तिवारी की मुख्य भूमिका रही। आरोपियों के खिलाफ आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

उमा रिसॉर्ट होटल में आबकारी विभाग की दबिश

यूपी की अवैध शराब के साथ मैनेजर पर कार्रवाई

नवभारत न्यूज

सतना, 22 जून. जिला प्रशासन और आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा और मदिरापान के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई की है।

मुखबिर की सूचना पर आबकारी टीम ने शहर के प्रतिष्ठित होटल उमा रिजॉर्ट में दबिश देकर उत्तर प्रदेश से लाई गई अवैध

शराब परोसते हुए होटल मैनेजर को रंगे हाथों पकड़ा गया आबकारी टीम जब होटल परिसर में दाखिल हुई, तो वहाँ उत्तर प्रदेश से लाई गई अवैध मदिरा का सेवन कराया जा रहा था। टीम ने मौके से होटल मैनेजर वीर सिंह भासनेर को मदिरापान कराते हुए धर पकड़ा आरोपी के आधिपत्य से ब्लैक एंड व्हाइट हिस्की की 450 मिलीलीटर की बोतल बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1,600 रुपये आंकी गई है। आबकारी विभाग ने अवैध मदिरा ज़ब्त कर आरोपी मैनेजर के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 (संशोधन 2000) की धारा 36 के तहत मामला दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में लिया है। इस पूरी छापामार कार्रवाई में सहायक आबकारी अधिकारी अभिषेक सिंह, निलेश गुप्ता,आरक्षक सरिता बिजौरिया और आशुतोष तिवारी शामिल रहे

हाइकोर्ट से जमानत खारिज

सतना, 22 जून. सिर से लेकर पैर तक घोटालों में लिप्त नगर निगम के तत्कालीन सहायक आयुक्त हरि मित्र श्रीवास्तव की हाई कोर्ट से जमानत खारिज। शासकीय अधिवक्ताओं ने सभी घोटाले, श्वह्लङ्ख की स्नङ्कको बहस में बनाया मुद्दा, सतना नगर निगम की रिपोर्ट सतना सिटी कोतवाली थाने में दर्ज है धोखाधड़ी का मामला। आरोपी खुलेआम सतना, रीवा व जबलपुर में घूम रहा पर सतना की सिटी कोतवाली पुलिस का अभयदान। सिंधी कैंप सब्जी मंडी की दो दुकानों की फर्जी रजिस्ट्री कराकर डकार चुका है 35 लाख से ज्यादा। सिंधी मनोज घेमचाई के साथ किया था धोखाधड़ी। पूर्व में कृषि उपज मंडी मोड़ की कई दुकान और नगर निगम में फर्जी भर्ती के नाम पर लाखों रुपए बेरोजगार युवकों के खा चुका है।

जिला बदर का आरोपी शहर में घूमते गिरफ्तार, भेजा गया जेल

नवभारत न्यूज

सतना, 22 जून. जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ चलाई जा रही जिला बदर की कार्रवाई का उल्लंघन करने वाले एक आदतन अपराधी को सिटी कोतवाली पुलिस ने रंगे हाथों गिरफ्तार किया है.आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद केंद्रीय जेल भेज दिया गया है।

जानकारी के अनुसार, सोमवार को सिटी कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रावेन्द्र द्विवेदी को मुखबिर से सूचना मिली कि जिला बदर का आरोपी कल्लू उर्फ अभिषेक जैसवाल (32 वर्ष) निवासी बजरहा टोला,आदेश का उल्लंघन कर अपने घर के आसपास घूम रहा है।

सूचना की तस्दीक के बाद थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने तत्काल बजरहा टोला में घेराबंदी की। इस दौरान पुलिस को हुलिए से मिलता-जुलता एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया,जिसे घेराबंदी कर दबोच लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम कल्लू उर्फ अभिषेक जैसवाल ही बताया। थाने के रिकॉर्ड की जांच करने पर पता चला कि आरोपी कल्लू के खिलाफ पूर्व में कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं.इसी आपराधिक रिकॉर्ड के मद्देनजर जिला दंडाधिकारी द्वारा 29 जुलाई 2025 को एक आदेश जारी कर आरोपी को एक वर्ष की अवधि के लिए सतना जिला सहित उसकी राजस्व सीमा से लगे पन्ना, रीवा और मैहर जिलों की सीमाओं से बाहर रहने का निष्कासन आदेश दिया गया था। इस आदेश की तामीली भी आरोपी के घर पर नोटिस चस्पा कर कराई गई थी। प्रतिबंध के बावजूद आरोपी बिना किसी अनुमति के सतना की सीमा में प्रवेश कर घूम रहा था.आदेश का स्पष्ट उल्लंघन करने पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ म.प्र.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 14 के तहत मामला पंजीकृत कर उसे विधिवत गिरफ्तार कर लिया।

एक नजर में

कल्याणी क्लब में योग दिवस पर आयोजन

सतना. कल्याणी क्लब द्वारा अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम किया ।कल्याणी क्लब की अध्यक्ष पूनम रत्नह एवं संरक्षक रीमा कैला रेखा कैला के नेतृत्व में सभी सदस्यों द्वारा योग किया गया ।अनुश्री गुप्ता ने सभी तरह के योग कराए एवं उनसे होने वाले फायदे के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष पूनम रत्नह के साथ बाकी सदस्य ज्योति नायक, आभा गोयल, अनीता शर्मा, पूजा गौतम, रत्ना गुप्ता, कमलेश चमडिया, सुलोचना गुप्ता एवं रुचिका खेड़ा सहित सभी उपस्थित रही। सुलोचना गुप्ता स्वयं एक योग शिक्षिका है जो पतंजलि योग केंद्र से प्रशिक्षण प्राप्त है।

चिन्मय विद्यालय में योग प्रशिक्षण

सतना। चिन्मय विद्यालय में शिक्षकों के मानसिक स्वास्थ्य, तनाव प्रबंधन एवं कार्यक्षमता में वृद्धि के उद्देश्य से एक दिवसीय योग एवं ध्यान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन ईशा फाउंडेशन से जुड़ी प्रशिक्षिका आकांक्षा नेमा द्वारा किया गया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को योग, प्राणायाम एवं ध्यान की विभिन्न विधियों का अभ्यास कराया गया। आकांक्षा नेमा ने बताया कि वर्तमान समय में शिक्षकों की जिम्मेदारियाँ लगातार बढ़ रही हैं, ऐसे में मानसिक संतुलन, सकारात्मक सोच एवं तनावमुक्त जीवन के लिए योग अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने शिक्षकों को दैनिक जीवन में अपनाए जा सकने वाले सरल योगाभ्यास और ध्यान तकनीकों की जानकारी दी। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अंशु राय ने बताया कि कार्यक्रम में सभी शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और योग के माध्यम से मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के उपाय सीखे।

अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष आज आएंगे

सतना. मध्यप्रदेश राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव 23 से 25 जून 2026 तक सतना जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. कैलाश जाटव 23 जून को रीवा से प्रस्थान कर सायं 4 बजे सतना पहुंचेंगे और सायं 5 बजे से 7 बजे सर्किट हाउस सतना में सांसद, विधायक, महापौर, पार्षद, जिला पंचायत एवं जनपद प्रतिनिधियों सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अनुसूचित जाति वर्ग से जुड़े मुद्दों पर चर्चा करेंगे। प्रवास के दूसरे दिन अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष डॉ. जाटव द्वारा 24 जून को प्रातः 10.30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष सतना में जिले के सभी विभागों एवं बैंकों की योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याण से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा होगी। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक आयोजित होगी,

योग दिवस पर सतना सीमेंट व आरसीसीपीएल में आयोजन

नवभारत न्यूज

सतना, 22 जून. बिरला कॉरपोरेशन लिमिटेड की इकाई सतना सीमेंट वर्क्स एवं आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड, मैहर यूनिट में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।

सतना सीमेंट वर्क्स में कार्यक्रम का आयोजन एचआर क्लस्टर हेड प्रदीप सिंह बघेल के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर यूनिट हेड कौशल मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम में विभागाध्यक्षों, कर्मचारियों, सुरक्षा कर्मियों एवं श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड, मैहर यूनिट में कार्यक्रम का नेतृत्व यूएच डीके पटेल द्वारा किया गया, जिनके मार्गदर्शन में कर्मचारियों ने योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया ।योग सत्र के दौरान प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम में शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन एवं स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। योग के माध्यम से अनुशासन, एकाग्रता, तनाव प्रबंधन एवं सकारात्मक सोच को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर कौशल मिश्रा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन अपनाने का आह्वान किया।

डॉ. श्यामा प्रसाद की 125 वीं जयंती आज

नवभारत न्यूज

सतना, 22 जून. महान शिक्षाविद, विचारक, चिंतक एवं जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वी जयंती पर भाजपा जिला संगठन के मार्गदर्शन मे आज 23 जून को जिले के सभी मण्डलो के बूथो मे वृहद स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे।

भाजपा द्वारा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वी जयंती को 23 जून से 06 जुलाई तक ''स्मरण पखवा?ा'' के रुप मे मनाने जा रही है। इस दौरान आपातकाल के काले अध्याय के दिवसो एवं प्राथमिक सदस्यो व बूथ समिति सदस्यो के लिए डिजिटल प्रशिक्षण अभियान कार्यक्रम भी आयोजित

किये जायेगे। जिला मीडिया प्रभारी अतुल सिंह परिहार ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा के प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वी जयंती वर्ष 23 जून से 06 जूलाई स्मरण पखवा?ा (संस्मरण पक्ष), आपातकाल के काले अध्याय के दिवसो एवं प्राथमिक सदस्यो व बूथ समिति सदस्यो के लिए डिजिटल प्रशिक्षण अभियान के अन्तर्गत होने वाले कार्यक्रमो के सफल क्रियान्वयन हेतु भाजपा जिलाध्यक्ष पं. भगवती प्रसाद पाण्डेय द्वारा जिला टोलिया का गठन किया गया है।